माता-पिता से भरवायेंगे घोषणापत्र

# बच्चे पहनायेंगे हेलमेट और बंधवायेंगे सीट बेल्ट

- चार फरवरी से होगा 30वें सड़क सुरक्षा सप्ताह का आयोजन सड़क सुरक्षा के लिए हुआ निर्णय

**पटना.** चार फरवरी से आयोजित 30वां सड़क सुरक्षा सप्ताह का थीम सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा रखा गया है. शुक्रवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह से संबंधित तैयारियों की समीक्षा बैठक परिवहन विभाग के सचिव एसके अग्रवाल ने की. उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान बच्चे माता-पिता से घोषणापत्र भरवायेंगे कि बिना हेलमेट दो पहिया वाहन, बिना सीट बेल्ट चारपहिया वाहन व वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करेंगे. साथ ही यातायात नियमों का पालन करेंगे. इस घोषणापत्र पर सभी स्कूली बच्चे अपने माता-पिता से हस्ताक्षर करायेंगे.

## संबंधित स्लाइड चलायी जायेंगी

- होल्डिंग और बैनर के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जायेगा
- सप्ताह भर लगातार रेडियो पर सड़क सुरक्षा पर बने जिंगल का प्रसारण किया जायेगा
- साथ ही न्यूज चैनल पर स्लाइड चलायी जायेगी . स्कूल व कॉलेजों में भी कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन कराया जायेगा
- सभी जिला, अनुमंडलों व प्रखंड मुख्यालयों में सप्ताह के दौरान लोगों को जागरूक किया जायेगा
- सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान रक्तदान करने वाले ब्लड डोनर को सम्मानित किया जायेगा और 10 से अधिक बार रक्तदान करने वाले व्यक्ति को सम्मानित भी किया जायेगा